समाचार

वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक स्व.रात्रे को दी गई श्रद्धांजलि

कोरबा 05 जुलाई 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के पद पर पदस्थ रहे स्व.कमलेश रात्रे को आज निगम कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौनधारण कर पुण्य आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना ईश्वर से की गई।

निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक कमलेश रात्रे का 03 जुलाई को रात्रि दुखद निधन हो गया था। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में शोक सभा हुई, निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने दो मिनट का मौनधारण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त बी.पी. त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी एवं सुनील वर्मा सहित कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने स्व.रात्रे को श्रद्धांजलि अर्पित की।